बजरंगी तुझे मैं गावूं ,तेरी जय होये

बजरंगी तुझे मैं गावूं , तेरी जय होये ।
तेरा हर पल ध्यान लगाऊं , तेरी जय होये ॥

करते सबका कल्याण , तेरी जय होये ।
देवो में देव महान , तेरी जय होये ॥

तुझे दिल में मैं बैठाऊँ , तेरी जय होये ।
तेरा हर पल दर्शन पाऊं , तेरी जय होये ◌ी

संकटमोचन हनुमान , तेरी जय होये ।
देवो में देव महान , तेरी जय होये ॥

तुम इष्ट मेरे हनुमंता , तेरी जय होये ।
तेरे चरण पड़ूँ भगवंता , तेरी जय होये ॥

तेरे दर पर शीश झुकाऊं , तेरी जय होये ।
अपने सोये भाग जगाऊँ , तेरी जय होये ॥

अब तो रख लो मेरा ध्यान , तेरी जय होये ।
देवो में देव महान , तेरी जय होये ॥

बजरंगी तुझे मैं गावूं , तेरी जय होये ।
तेरा हर पल ध्यान लगाऊं , तेरी जय होये ॥

भजन रचनाकार : ज्योति नारायण पाठक
(मोब: ९५९८०५०५५१)
वाराणसी

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/2417/title/bajarangi-tujhe-main-gawoon--teri-jay-hoye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |